nwda.gov.in

केबीएलपीए की 20 को सभी स्टेकहोल्डर्स से मीटिंग

केन-बेतवा लिंक के फेस-1 के जल्द जारी हो सकते हैं टेंडर

भोपाल। केन-बेतवा लिंक प्रोजेक्ट के फेस-1 के जल्द ही टेंडर जारी हो सकते हैं। टेंडर से पहले केन बेतवा लिंक प्रोजेक्ट अथॉरिटी (केबीएलपीए) ने पहली बार भोपाल में 20 मार्च को सभी स्टेक होल्डर्स के साथ कंसलटेशन मीटिंग बुलाई है। इस बैठक में केबीएलपीए ने मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के जल संसाधन विभाग के प्रतिनिधियों के साथ-साथ देश की टॉप-19 निर्माण कंपनियों को आमंत्रित किया है। इनमें शापूरजी पालोनजी, टाटा प्रोजेक्ट, एलएंडटी, एफकोन्स इंफ्रास्ट्रक्चर, गैमन, जेपी, सिंप्लेक्स और दिलीप बिल्डकॉन भी शामिल है। बैठक में केबीएलपीए के प्रभारी सीईओ और राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण के महानिदेशक भोपाल सिंह के अलावा मप्र के जल संसाधन विभाग और उप्र सिंचाई विभाग के ईएनसी शामिल होंगे।

केबीएलपीए सूत्रों के मुताबिक 44 600 करोड़ रुपए लागत वाले इस प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करने के लिए जरूरी है, संभावित तकनीकी खामियों को पहले ही दूर कर लिया जाए। इसलिए निर्माण कंपनियों के साथ केबीएलपीए प्रोजेक्ट की डिटेल साझा कर सलाह और उनके सुझाव ले रही है।

केन-बेतवा लिंक प्रोजेक्ट के फेस-1 में केन नदी पर पन्ना जिले के दौधन गांव में 77 मीटर ऊंचा और 1233 मीटर लंबा विशालकाय बांध बनना है। डेम से 218.70 किलोमीटर लंबी एक नहर निकलेगी।